# ‘कालियागंज में किशोरी की मौत की जांच में पुलिस ने की चूक’

## राष्ट्रीय बाल आयोग ने असहयोग का आरोप लगाया

कालियागंज, 24 अप्रैल (भाषा)।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में एक किशोरी की मौत के मामले की जांच में राज्य पुलिस पर गंभीर चूक का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जल्द इस संबंध में एक रिपोर्ट सौंपेंगे।

**गृह मंत्री अमित शाह को जल्द सौंपी जाएगी रपट।**

किशोरी का शव गत शुक्रवार को एक नहर में मिला था, जिसके बाद कालियागंज इलाके में हिंसा भड़क गई थी और तभी से यहां तनाव व्याप्त है। कानूनगो ने आरोप लगाया कि कालियागंज का दौरा करने वाले एनसीपीसीआर के दल को राज्य प्रशासन से ‘हर प्रकार का असहयोग’ झेलना पड़ा। पश्चिम बंगाल बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने इन आरोपों को ‘राजनीतिक रूप से प्रेरित’ बताते हुए खारिज किया है। कानूनगो ने कहा,‘मैं दिल्ली लौटने के बाद गृह मंत्री अमित शाह को रिपोर्ट सौंपने वाला हूं। लड़की की मौत के मामले की जांच में रायगंज पुलिस ने गंभीर चूक की है। मुझे आशंका है कि पुलिस की शिथिलता के कारण सबूतों से छेड़छाड़ हो सकते हैं। मेरा मानना है कि (मुख्यमंत्री) ममता बनर्जी की सरकार दोषियों को बचाने की कोशिश कर रही है।’उन्होंने दावा किया कि उन्हें मामले के जांच अधिकारी से मिलने के लिए करीब 22 घंटे इंतजार करना पड़ा। कानूनगो ने कहा, ‘मैं पोस्टमार्टम के दौरान मौजूद केवल एक चिकित्सक से ही बात कर सका।

### शव घसीटने के मामले में चार पुलिसकर्मी निलंबित

कालियागंज (पश्चिम बंगाल), 24 अप्रैल (भाषा)।

पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर जिले के कालियागंज में पिछले हफ्ते एक नाबालिग लड़की के शव को कथित तौर पर सड़क पर घसीटने के मामले में सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (एएसआइ) स्तर के चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चार पुलिस उपनिरीक्षक में से तीन कालियागंज थाने और एक रायगंज थाने में तैनात था। अधिकारी ने कहा,‘हमने नाबालिग लड़की का शव घसीटने की 21 अप्रैल की घटना को लेकर चार एएसआइ को निलंबित कर दिया है।’ इस घटना का एक कथित वीडियो भी सामने आया था। उत्तरी दिनाजपुर के पुलिस अधीक्षक एमडी सना अख्तर ने कहा कि प्राथमिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं था।

# जनसंपर्क पहल की शुरुआत से पहले ममता ने अभिषेक बनर्जी को दी बधाई

कोलकाता, 24 अप्रैल (भाषा)।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को अपने भतीजे और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को पंचायत चुनावों से पूर्व 25 अप्रैल से नई जनसंपर्क पहल शुरू करने के लिए बधाई दी। अभिषेक बनर्जी नया अभियान ‘तृणमूले नबाजोवार’ (तृणमूल की नई लहर) मंगलवार से शुरू करेंगे जो दो महीनों तक जारी रहेगा। अभियान के दौरान, वह करीब 3500 किलोमीटर का सफर तय करेंगे और राज्य भर में 250 से ज्यादा रैलियां करेंगे।

ममता बनर्जी ने ट्वीट किया,‘तृणमूले नबाजोवार अपनी तरह का पहला राजनीतिक अभियान है और मैं तहेदिल से अभिषेक तथा सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को ‘जोनो संजोग यात्रा’ शुरू करने के लिए बधाई देती हूं जो राज्य भर में जाएगी।’ उन्होंने माइक्रो ब्लागिंग साइट पर लिखा,‘हम जमीनी स्तर पर प्रगति और विकास की एक नई लहर की शुरुआत करना चाहते हैं, जिसके वास्ते हम विनम्रतापूर्वक इस प्रयास में सफल होने के लिए बंगाल के लोगों का आशीर्वाद चाहते हैं।’ तृणमूल कांग्रेस प्रमुख को धन्यवाद देते हुए अभिषेक ने कहा कि पार्टी यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ है कि जाति, पंथ या धर्म के भेदभाव के बिना कल्याणकारी पहल सभी घरों तक पहुंचे।

**तृणमूल कांग्रेस प्रमुख को धन्यवाद देते हुए अभिषेक ने कहा कि पार्टी यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ है कि जाति, पंथ या धर्म के भेदभाव के बिना कल्याणकारी पहल सभी घरों तक पहुंचे।**

उन्होंने ट्वीट किया,‘धन्यवाद दीदी! हम यह सुनिश्चित करने के अपने संकल्प को लेकर दृढ़ हैं कि आपकी कल्याणकारी पहल सभी घरों तक पहुंचे, चाहे उनकी जाति, पंथ, धर्म या राजनीतिक जुड़ाव कुछ भी हो। पश्चिम बंगाल ने दूसरों के लिए आशा और प्रेरणा की एक किरण के रूप में काम जारी रखा है और आगे भी करता रहेगा।’ममता बनर्जी को आम तौर पर लोग ‘दीदी’ कहकर संबोधित करते हैं। पार्टी में नंबर दो माने जाने वाले अभिषेक ने पिछले हफ्ते कहा कि यह कार्यक्रम गुप्त मतदान के माध्यम से आम लोगों को पंचायत चुनावों के वास्ते टीएमसी उम्मीदवारों का फैसला करने के लिए सशक्त करेगा।

## खबर कोना



कोलकाता में सोमवार को बारिश के बीच सड़क पार करती महिलाएं।

### जाल में फंस कर पक्षियों की हो रही मौत

कोलकाता, 24 अप्रैल (जनसत्ता)।

फलों और मछलियों को बचाने के लिए किसानों की ओर से पेड़ों व तालाबों पर जाल लगाए जा रहें हैं, जिसमें फंसकर बड़ी संख्या में पक्षियों की मौत हो रही है। जाल से फलों और मछलियों की सुरक्षा तो हो जाती है, लेकिन इसका असर पक्षियों की प्रजाति पर पड़ता है जो पर्यावरण के लिए भी नुकसानदायक है। पर्यावरणविदों ने इस पर चिंता प्रकट की है क्योंकि लंबे समय तक जाल में फंसे रहने के कारण भूख-प्यास से पक्षियों की मौत हो रही है। पशु-पक्षियों की रक्षा के लिए हालांकि की कई कानून हैं, लेकिन उनका पालन नहीं किया जा रहा है।



जल-संकट

मालदा जिले के एक गांव में सोमवार को वितरित किए जा रहे पेयजल को लेने के लिए कतार में लगे लोग।

# पांच साल में चोरी की घटनाएं घटीं : एनसीआरबी

कोलकाता, 24 अप्रैल (जनसत्ता)।

महानगर में चोरी की घटनाओं में पिछले 5 साल में लगातार कमी आई है। हाल ही में कोलकाता पुलिस की ओर से जारी आंकड़े से इसका प्रमाण मिला है।

आंकड़ों की मानें तो वर्ष 2017 में जहां महानगर में 3,493 चोरी की घटनाएं घटी थी। यह आंकड़ा वर्ष 2022 के अंत में घटकर 1,308 पर आ गया था। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2018 में महानगर में 2,608 चोरी की घटना घटी थी और वर्ष 2020 में यह संख्या 1,325 पर आ गया। वर्ष 2021 में चोरी की घटनाओं में वृद्धि दर्ज की गई थी। इस साल 1,446 मामले सामने आए थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अगर हर महीने दर्ज होने वाले मामलों की बात करे तो 6 साल पहले वर्ष 2017 हर महीने करीब 290 चोरी के मामले दर्ज होते थे। हालांकि वर्ष 2020 से 2022 तक औसत हर महीने 108 मामले दर्ज किए गए हैं। वर्ष 2021 के बाद से गर्मियों के महीनों में मामलों में भी कमी आई है। 2021 में मार्च और मई के बीच, कोलकाता के विभिन्न पुलिस थानों में बमुश्किल 95 घरों में चोरी की सूचना मिली थी। उस वर्ष कुल 1,246 चोरी की सूचना मिली थी। एक अधिकारी ने कहा कि दूसरे शब्दों में, उस साल कुल चोरी का करीब 7.8 फीसद इन तीन महीनों में हुआ। 2022 में मार्च और मई के बीच, शहर में 108 घरों से चोरी की सूचना मिली, उसी वर्ष दर्ज किए गए कुल 1,305 मामले थे। इस प्रकार गर्मी के तीन महीनों में कुल घरेलू चोरी में 8.2 फीसद थी।

इस वर्ष मार्च से 18 अप्रैल तक, पुलिस ने चोरी के कुल 65 मामले दर्ज किए हैं।

# बस स्टैंड बदहाल, कर रहा मरम्मत का इंतजार

कोलकाता, 24 अप्रैल (जनसत्ता)।

महानगर कोलकाता में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सत्ता में आने के बाद गर्मी से राहत देने के लिए लोगों के लिए वातानुकूलित बस स्टैंड बनवाए थे। लेकिन यहां लोगों को गर्मी में राहत नहीं मिल रही है क्योंकि ज्यादातर स्टैंड पर लगा वातानुकूलित बंद पड़ा है।

मालूम हो कि बीते कुछ दिनों से मौसम में परिवर्तन के कारण सोमवार को स्कूल-कालेज खुल गए। लेकिन चिलचिलाती धूप और उमस के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, समय-समय पर बिजली की कटौती से लोगों की दिक्कतें और भी बढ़ गई हैं। महानगर में भीषण गर्मी के कारण एकतरफ जहां पैदल राहगीरों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वहीं, यातायात जाम और उमस की वजह से सार्वजनिक वाहनों में यात्रा करना और भी कठिन होता जा रहा है।

भीषण गर्मी से लोगों को राहत देने के लिए सरकार ने सार्वजनिक वाहनों से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए महानगर के कई प्रमुख जगहों पर वातानुकूलित स्टैंड का निर्माण तो जरूर करवाया है पर अब वो बस स्टैंड नाम के ही रह गए हैं। कई बस स्टैंडों की हालत जर्जर अवस्था में है तो कई बस स्टैंड नशाखोरों का अड्डा बना गए हैं।

# खेल-खेल में बच्चा छत से गिरा

कोलकाता, 24 अप्रैल (जनसत्ता)।

आंख मिचौली का खेल खेलने के दौरान एक नौ साल का बच्चा छत से गिर गया। यह घटना हावड़ा जिले के पीलखाना इलाके में हुई। पुलिस ने बताया कि आंखों में रूमाल बांधे छत पर आंख-मिचौली का खेल चल रहा था। उस खतरनाक खेल को खेलते हुए एक 9 साल का बच्चा पांच मंजिला मकान की छत से गिर गया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गोलाबारी थाने के पुलिस सूत्रों के अनुसार रविवार रात करीब नौ बजे बच्चे पिलखाना के फकीर बागान लेन स्थित पांच मंजिला मकान की छत पर खेल रहे थे। घायल बच्चे के परिजनों के मुताबिक वे आंखों में रूमाल बांध कर खेल रहे थे। वहीं, छत की चारदीवारी की ऊंचाई बहुत कम है। खेल के दौरान अनीश कुमार नाम का बच्चा छत की चारदीवारी से नीचे गिर जाता है।

**TOSHA INTERNATIONAL LIMITED**
**CIN:** L32101DL1988PLC119284;
**Regd. Office:** E-34 Second Floor, Connaught Circus, New Delhi 110001;
**Tel No.:**+91-11-23415550/51; **Email:** toshainternational@yahoo.com;
**Website:** www.toshainternationallimited.in;

**NOTICE**

This notice should be read in conjunction with our earlier notice dated 13.04.2023 published in the Financial Express (all India editions), Jansatta (all India editions) and Arthik Lipi (Kolkata edition) on 14.04.2023 **["Advertisement 1"].** The Promoters of the Company intend to delist the equity shares of the Company from the Calcutta Stock Exchange Limited i.e., the only Stock Exchange where the equity shares of the Company are listed and we therefore hereby once again request all the public shareholders to kindly update their address, contact details and email IDs with Tosha International Limited **("Company")**/ Skyline Financial Services Private Limited **("RTA")** by 13.05.2023 to facilitate them to take steps for effective participation of public shareholders in the Delisting Offer.

The shareholders can contact the below mentioned personnel for their queries:

| | |
|---|---|
| **Tosha International Limited**<br>Akshat (Company Secretary & Compliance Officer)<br>Tel No.: +91-11-23415550/51;<br>Email Id: toshainternational@yahoo.com; | **Skyline Financial Services Private Limited**<br>(Mr. Anuj Kumar)<br>Tel No.: 011-26812682-83, 40450193 to 97;<br>Email id: ipo@skylinerta.com; |

All other statements as published in Advertisement 1 remain unchanged. The Advertisement 1 is also available on the website of the Company at www.toshainternationallimited.in;

**For Tosha International Limited**
Sd/-
Akshat
Company Secretary
Mem No.: A45376

Place: New Delhi
Date: 24.04.2023

# सात साल से 17 साल तक के बच्चों के आधार के बदलाव पर देना होगा शुल्क

कोलकाता, 24 अप्रैल (जनसत्ता)।

आधार कार्ड में सात साल से लेकर 17 साल तक के बच्चों का बदलाव करने पर अब 100 रुपए शुल्क के तौर पर देने होंगे। पहले यह शुल्क नहीं लगता था, लेकिन अब आधार कार्ड में सुधार या बदलाव करने पर यह शुल्क देने होंगे। हालांकि सात साल के कम उम्र के बच्चों का बदलाव मुफ्त में किया जाएगा।

**पहले यह शुल्क नहीं लगता था, लेकिन अब आधार कार्ड में सुधार या बदलाव करने पर यह शुल्क देना होगा।**

मालूम हो कि किसी भी उम्र के इंसान के लिए पहली बार आधार कार्ड मुफ्त में बनता है। इसके बाद अगर कुछ बदलाव होता है तो कुछ रकम खर्च करनी पड़ती है। हाल तक एक दिन से लेकर पांच साल तक की उम्र के बच्चों के आधार कार्ड के लिए बायोमैट्रिक या अंगुली के निशान की जरुरत नहीं पड़ती थी। पांच साल होने पर आधार कार्ड में बदलाव करना पड़ता है, जिसमें बच्चे की अंगुलियों के निशान लिए जाते हैं। इसके बाद उम्र 15 साल होने पर एक बार फिर आधार में बदलाव करना पड़ता है क्योंकि इस दौरान बच्चे की अंगुलियों के निशान में परिवर्तन हो जाता है।

नए नियमों के मुताबिक, सात से लेकर 15 साल तक और 17 साल का होने पर बाध्यतामूलक आधार बदलाव करने के लिए 100 रुपए देने होंगे। जबकि आधार पंजीकरण केंद्र या आनलाइन के माध्यम से उम्र, जाति संबंधी बदलाव करने के लिए 50 रुपए देने होंगे। वहीं, घर में आधार पंजीकरण सेवा का 700 रुपए देना होगा।

**वस्तु एवं सेवाकर तथा सीमा शुल्क के मुख्य आयुक्त का कार्यालय, पुणे क्षेत्र**
जी.एस.टी. भवन, 41–ए, ससून रोड, वाडीया कॉलेज के सामने, पी.बी. नं. 273, पुणे 411001

**केंद्रीय कर एवं सीमाशुल्क विभाग, पुणे में खेल कोटा भर्ती – 2022 - शुद्धिपत्र**

इस कार्यालय द्वारा दिनांक 03.12.2022 को जारी विज्ञापन और उसके बाद के शुद्धिपत्र दिनांक 09-01-2023 के संदर्भ में, डीओपीटी के कार्यालय ज्ञापन 1668767575965 दिनांक 18 नवंबर, 2022 के अनुसार सभी 65 खेल विधाओं (सूची संलग्न) के मेधावी खिलाड़ियों से नए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। **कर सहायक / स्टेनोग्राफर ग्रेड-II / हवलदार** के पदों पर नियुक्ति के लिए अनुबंध में उल्लिखित आवश्यकताओं को पूरा करना।

| अनु. क्र. | पद नाम | रिक्त पदों की संख्या | आय एवं भत्ता (7वे वेतन आयोग के अनुसार) |
|---|---|---|---|
| 1 | टैक्स असिस्टंट | 02 | पे मेट्रिक्स का स्तर -4 (रु. 25,500-81,100) |
| 2 | स्टेनोग्राफर ग्रेड-II | 06 | पे मेट्रिक्स का स्तर-4 (रु. 25,500-81,100) |
| 3 | हवलदार | 03 | पे मेट्रिक्स का स्तर-1 (रु. 18,000-56,900) |

2. उक्त कार्यालय ज्ञापन वेबसाइट http://www.cbic.gov.in और https://punecgstcus.gov.in पर उपलब्ध कराया गया है। दि. 03.12.2022 को प्रकाशित विज्ञापन के अन्य नियम एवं शर्ते आवेदन के प्रोफार्मा एवं संलग्नक के साथ यथावत रहेंगी। ये सभी दस्तावेज वेबसाइट http://www.cbic.gov.in और https://punecgstcus.gov.in पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं।

3. इच्छुक और पात्र उम्मीदवार अपने आवेदन अनुबंध और प्रपत्र में दिए गए निर्धारित प्रारूप में संयुक्त आयुक्त, (सीसीसी), सीजीएसटी और सीमा शुल्क के मुख्य आयुक्त का कार्यालय, पुणे क्षेत्र, जीएसटी भवन, के सामने भेज सकते हैं। वाडिया कॉलेज , 41/ए ससून रोड, पुणे – 411001। केवल 'स्पीड पोस्ट' द्वारा दि. 24.05.2023 को 17:00 बजे या उससे पहले। उत्तर-पूर्वी राज्यों, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, जम्मू और कश्मीर में रहने वाले उम्मीदवारों के लिए आवेदन दि. 31.05.2023 को 17:00 बजे से पहले उपरोक्त पते पर पहुंच जाना चाहिए। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

4. जिन उम्मीदवारों ने पूर्व विज्ञापन दि. 03.12.2022 के प्रत्युत्तर में आवेदन प्रस्तुत किया था, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

दिनांक: 25.04.2023

(गोल्डी शर्मा)
संयुक्त आयुक्त, केडर कंट्रोल सेल
सीजीएसटी आणि कस्टम्स, पुणे झोन

G20
आज़ादी का अमृत महोत्सव

भवन निर्माण सहित, आत्मनिर्भर एवं सतत् शहरी विकास

हडको 53वां स्थापना दिवस
25 अप्रैल, 2023

हमारे देश में आवास एवं इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के क्षेत्र में, हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हडको), भारत का प्रमुख तकनीकी – वित्तीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है।

- हडको राष्ट्र सेवा में 53वां वर्ष मना रहा है।
- भारत में, हडको भारत सरकार की वित्तपोषण शहरी आवास एवं इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का एक तकनीकी वित्तीय मिनी रत्ना सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है।
- हडको "सामाजिक न्याय के साथ लाभप्रदत्ता" के अपने लक्ष्य के साथ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा निम्न आय वर्ग के लिए परियोजनाओं पर विशेष बल देता है।




हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
पंजीकृत कार्यालयः हडको भवन, कोर-7ए, भारत पर्यावास केन्द्र, लोधी रोड, नई दिल्ली-110 003
CIN: L74899DL1970GOI005276
GSTIN: 07AAACH0632A1ZF
वेबसाइटः www.hudco.org.in
अनुसरण माध्यमः

www.readwhere.com